प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

6 फरवरी 2025

# दैनिक परिवर्ती दर रेपो (वीआरआर) नीलामी

दिनांक 15 जनवरी 2025 की प्रेस प्रकाशनी 2024-2025/1933 के माध्यम से घोषित किए अनुसार, भारतीय रिज़र्व बैंक अगली सूचना तक मुंबई में सभी कार्य दिवसों पर दैनिक परिवर्ती दर रेपो (वीआरआर) नीलामी आयोजित करेगा, जिनका प्रत्यावर्तन अगले कार्य दिवस पर होगा।

2. चलनिधि स्थितियों के आकलन के आधार पर, यह निर्णय लिया गया है कि 7 फरवरी 2025, शुक्रवार को आयोजित की जाने वाली दैनिक परिवर्ती दर रेपो (वीआरआर) नीलामी के लिए अधिसूचित राशि ₹1,50,000 करोड़ होगी। **यह नीलामी मध्याह्न 12:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे के बीच आयोजित की जाएगी।**

3. पूर्वघोषित 56-दिवसीय परिवर्ती दर रेपो (वीआरआर) नीलामी, जो 7 फरवरी 2025 को अपराह्न 3.30 बजे से अपराह्न 4.00 बजे के बीच आयोजित की जानी है, को ध्यान में रखते हुए, अगले पखवाड़े के लिए 14-दिवसीय मुख्य परिचालन आयोजित नहीं करने का निर्णय लिया गया है।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2088**